# MSP खरीद पर हरियाणा सरकार की अधिसूचना

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** पर **24 फसलों** की खरीद को अधिसूचित किया है, जिससे सूची 14 फसलों से बढ़कर 24 हो गई है।

## मुख्य बिंदु

- धान, बाजरा, खरीफ मूँग, उड़द, अरहर, गेहूँ और सरसों सहित पहले से खरीदी जा रही फसलों के अलावा MSP के लिये अनुमोदित **10 और फसलें हैं रागी, सोयाबीन, नाइजरसीड, कुसुम, जौ, मक्का, ज्वार, जूट, खोपरा** और **ग्रीष्मकालीन मूँग।**
- **MSP के अंतर्गत मौजूदा फसलें** शामिल हैं: **धान, बाजरा, खरीफ मूँग, उड़द, अरहर, गेहूँ** और **सरसों।**

## न्यूनतम समर्थन मूल्य

- **MSP वह न्यूनतम मूल्य** है जिस पर सरकार किसानों से कुछ फसलों की खरीद की गारंटी देती है ताकि संकटपूर्ण बिक्री को रोका जा सके और उचित मूल्य सुनिश्चित किया जा सके।
- **MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP)** की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग और आपूर्ति, बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है।
- CACP कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- **भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में** आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है।
- MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और **फसल विविधीकरण** को प्रोत्साहित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-govts-notification-on-msp-procurement